Punjab Kesari 11-05-2026

# 10वीं के नतीजों में बड़ा उछाल, 83.87 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम

## जून की कंपार्टमैंट परीक्षा के बाद और बढ़ेगा ग्राफ, पिछले साल के मुकाबले 4.07 प्रतिशत बढ़ा रिजल्ट, बोर्ड को नए रिकॉर्ड की उम्मीद

धर्मशाला, 10 मई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इस बार उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। वर्तमान में बोर्ड का कुल परीक्षा परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा है लेकिन जून माह में होने वाली कंपार्टमैंट परीक्षा के बाद इस प्रतिशत में और बढ़ौतरी होने की संभावना जताई जा रही है। बोर्ड के अनुसार इस वर्ष 8,433 विद्यार्थियों को कंपार्टमैंट आई है।

इन विद्यार्थियों को जून माह में दोबारा परीक्षा देने का अवसर मिलेगा। शिक्षा बोर्ड का मानना है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी कंपार्टमैंट परीक्षा पास करेंगे, जिससे कुल परीक्षा परिणाम का ग्राफ और ऊपर जाएगा। इस बार 10वीं की परीक्षा में कुल 93,176 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान 485 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, जिनमें 214 छात्राएं और 271 छात्र शामिल हैं। फिलहाल 78,150 विद्यार्थी पूरी तरह सफल घोषित किए जा चुके हैं।

अगर पिछले तीन वर्षों के परीक्षा परिणामों पर नजर डालें तो हिमाचल में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर होता दिखाई दे रहा है। वर्ष 2024 में परीक्षा परिणाम 74.61 प्रतिशत रहा था। वर्ष 2025 में यह बढ़कर 79.80 प्रतिशत पहुंचा। वर्ष 2026 में यह आंकड़ा 83.87 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 4.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि दो वर्ष पहले की तुलना में यह बढ़ौतरी 9.26 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### निजी स्कूलों का ग्राफ स्थिर, सरकारी स्कूलों में हल्की कमी

**विश्लेषण** में सामने आया है कि पिछले वर्षों की तुलना में सरकारी स्कूलों के परीक्षार्थियों की संख्या में मामूली गिरावट आई है, जबकि निजी स्कूलों का आंकड़ा लगभग स्थिर बना हुआ है।

### सरकारी स्कूलों की रही सबसे ज्यादा भागीदारी

**बोर्ड** के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष सरकारी स्कूलों से सबसे अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सरकारी स्कूलों से कुल 70,346 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 35,317 छात्राएं और 35,029 छात्र थे।

वहीं निजी स्कूलों से कुल 22,830 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 9,762 लड़कियां और 13,068 लड़के शामिल रहे।



"पिछले वर्ष 79.80 प्रतिशत परिणाम रहा था, जबकि इस बार यह बढ़कर 83 .87 प्रतिशत हो गया है। जून में आयोजित होने वाली कंपार्टमैंट परीक्षा के बाद सफल विद्यार्थियों की संख्या और बढ़ेगी, जिससे परीक्षा परिणाम का कुल प्रतिशत और बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 78,150 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं और बोर्ड विद्यार्थियों को बेहतर अवसर देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

–डॉ. राजेश शर्मा, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष

Amar Ujala 11-05-2026

# टॉप-10 में सरकारी स्कूलों के 23% विद्यार्थी

## दसवीं के परिणाम में निजी स्कूलों के मुकाबले मेरिट में कम हैं मेधावी

**विपिन चौधरी**

**धर्मशाला।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों पर 24.37 प्रतिशत निजी स्कूलों के विद्यार्थी भारी पड़े हैं। 10वीं कक्षा में कुल 93,176 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या 70,346 थी, जबकि इसके विपरीत निजी स्कूलों से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या 22,830 थी, जोकि कुल विद्यार्थियों की संख्या का 24.37 फीसदी है। बावजूद 10वीं कक्षा के वार्षिक परिणाम में प्रदेश को दूसरे नंबर का टॉपर देकर सूबे के सरकारी स्कूल टॉप-10 सूची में पिछड़ गए हैं। दूसरे रैंक पर तीन, 5वें पर दो, 8वें पर 3, 9वें पर 7 और 10वें रैंक को 8 टॉपर सरकारी स्कूलों से मिले हैं, जबकि पहले रैंक से लेकर 10वें रैंक पर निजी स्कूलों के विद्यार्थियों का दबदबा रहा है।




दसवीं का परिणाम घोषित करते शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष। अमर उजाला

10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में टॉप-10 में 107 विद्यार्थी शामिल हुए हैं, जिसमें 83 रैंकों पर लड़कियां और 24 स्थानों लड़के शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर इस टॉप-10 सूची में सूबे के सरकारी स्कूलों के मात्र 23 फीसदी के करीब विद्यार्थी ही नजर आ रहे हैं।

Himachal Dastak 11-05-2026

# 10वीं की मेरिट सूची में लड़कियों का दबदबा, 107 में से 83 स्थानों पर कब्जा

हिमाचल दस्तक ■ धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में 107 स्टूडेंट्स ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। इनमें से लड़कियों की संख्या अधिक है। एक बार फिर से लड़कियों ने अपना दबदबा बरकरार रखा है। इससे पहले घोषित जमा दो के परीक्षा परिणाम में भी लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ते हुए मेरिट में अपना दबदबा कायम किया था। वहीं दसवीं की मेरिट में निजी स्कूलों ने सरकारी स्कूलों को पछाड़ते हुए अधिक स्थान अपने नाम किए हैं।

मेरिट के 107 स्थानों में लड़कियों ने लड़कों के मुकाबले तीन गुणा से अधिक स्थानों पर जगह बनाई है। मेरिट में शामिल लड़कियों की संख्या 83 है, जबकि लड़के 24 ही स्थानों पर ही जगह बना पाए हैं। मेरिट में निजी स्कूलों ने दबदबा बनाया है। 107 स्थानों में से 83 पर निजी स्कूलों, जबकि सरकारी स्कूलों के 24 ही विद्यार्थी मेरिट में जगह बना पाए हैं। ऐसे में स्पष्ट है



कि निजी स्कूलों ने मेरिट में सरकारी स्कूलों की अपेक्षा तीन गुणा स्थानों पर अपना कब्जा जमाया है। दसवीं के परीक्षा परिणाम की मेरिट में भले ही अधिकतर स्थानों पर लड़कियों ने कब्जा जमाया है, लेकिन पास प्रतिशतता के मामले में लड़कों ने लड़कियों को पछाड़ दिया है। 93661 परीक्षार्थियों में से 78150 पास हुए हैं। 48097 लड़कों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिनमें से 39701 पास हुए हैं, वहीं 45079 लड़कियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें 38449 लड़कियां पास हुई हैं।

## नौवें स्थान पर सबसे अधिक 25 विद्यार्थी

दसवी की मेरिट में 107 स्थानों में से नौवें स्थान पर सबसे अधिक 25, जबकि दसवें स्थान पर 24 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। मेरिट में पहले स्थान पर 1, दूसरे स्थान पर 3, तीसरे स्थान पर 2, चौथे स्थान पर 4, पांचवें व छठे स्थान पर 8-8, सातवें स्थान पर 13, आठवें स्थान पर 19, जबकि नौवें पर 25 और दसवें स्थान पर 24 विद्यार्थी काबिज है।

## पास प्रतिशतता में 4.07 प्रतिशत की बढ़ोतरी

इस वर्ष मेरिट की पास प्रतिशतता 83.87 फीसदी रही है, जबकि वर्ष 2025 में पास प्रतिशतता 79.8 फीसदी और वर्ष 2024 में 74.61 फीसदी रही थी। वर्ष 2024 में 91330, वर्ष 2025 में 95068 और इस वर्ष 93661 ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी।

HP BOARD CLASS X RESULT

# Pass rate climbs for 3rd straight year, hits 83.87%

TRIBUNE NEWS SERVICE

## Kangra girl tops with 699/700; girls dominate merit list with 83 among 107 toppers



Anmol with her teachers after emerging as the state topper by scoring 699 out of 700 marks (99.86%) in the board exams.

### CM CONGRATULATES MERITORIOUS STUDENTS

- Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu on Sunday congratulated students who successfully cleared the Class X exams conducted by the HP Board of School Education
- Praising the meritorious students for their outstanding performance, he said their success reflected hard work, dedication and commitment towards studies
- He also appreciated the role of parents, teachers and well-wishers for continuously supporting and guiding students throughout their academic journey
- Encouraging students who could not clear the examinations this time, Sukhu urged them not to lose hope and prepare again with renewed determination

DHARAMSALA, MAY 10

The Himachal Pradesh Board of School Education on Sunday declared the Class X examination results for March 2026, recording a significant improvement in the overall performance of students across the state. The pass percentage this year stood at 83.87 per cent, marking a rise of nearly four percentage points compared to 79 per cent in 2025. In 2024, the pass percentage was 74.51 per cent, indicating a steady upward trend in results over the last three years.

A total of 93,661 students appeared in the examination, out of which 78,150 cleared the exams successfully, while 8,433 students were placed in the compartment category.

Anmol of AVM Senior Secondary School, Pahra in Kangra district, emerged as the state topper by securing 699 marks out of 700, translating to 99.86 per cent. Interestingly, HPBOSE Chairman Dr Rajesh Sharma remarked that the student missed a perfect score by just one mark and jokingly said "it could be an evaluation error."

Addressing a press conference after the declaration of results, Sharma attributed the improved performance to the academic and examination reforms introduced by the board in recent years. He said the coordinated efforts of teachers and board employees played a major role in ensuring better results as well as timely declaration of the examination outcome.

Of the total candidates, 48,097 were boys and 45,079 girls. Among them, 39,701 boys and 38,449 girls passed the examination. Girls once again outperformed boys in the merit list, with 83 girls featuring among the 107 students occupying top positions.

Three students jointly secured the second rank with 698 marks each. They include Roohani Dhiman and Abhinav Mehta of Government Senior Secondary School, Rapoh Missran in Una district, and Purnima Sharma of Government Girls Senior Secondary School, Bilaspur.

The third rank was jointly bagged by Alisha Thakur of Oxford School, Kotli in Mandi district, and Ashwika Sharma of Neelam Public School, Bihru in Hamirpur district, with 697 marks each.

Four students shared the fourth position with 696 marks. They are Knish and Ishita Walia of Bharti Vidyapeeth Public Senior Secondary School, Baijnath in Kangra district, Asmita Sharma of Kid Buds Public Senior Secondary School, Panga in Hamirpur, and Shruti of Dhruva Adarsh Vidyalaya, Chhiachhi in Solan district.

Eight students jointly secured the fifth rank with 695 marks each. These include Sakshi Kumari of Government Girls Senior Secondary School, Rohru; Deepika of Government Senior Secondary School, Tatta Pani; Harshita of Him Sarvodaya Senior Secondary School, Ghumarwin; Abhimanyu Patyal of RK Senior Secondary Public School, Ghandalwin; Diksha of Saraswati Vidya Mandir, Hatgarh; Angel Sharma and Anshika Rana of Bharti Vidyapeeth Public Senior Secondary School, Baijnath; and Arushi of Kid Buds Public Senior Secondary School, Panga.

Sharma said the board introduced live monitoring during examinations this year, which helped curb cheating cases. He added that audio-visual monitoring at examination centres would be introduced from next year to further strengthen transparency.

The board also aligned its examination pattern with the Central Board of Secondary Education by increasing the number of objective-type questions to better prepare students for competitive examinations such as NEET and Joint Entrance Examination.

In a major relief for students, the board announced that under the National Education Policy, students placed in compartment and those seeking improvement in up to three subjects would be allowed to appear in a special examination in June without losing an academic year.

The results have been uploaded on the board's official website. Students can apply online for re-evaluation and re-checking till May 25 by depositing fees of Rs 1,000 and Rs 800 respectively, informed Board Secretary Dr (Major) Vishal Sharma.

# 10वीं के परीक्षा परिणाम में अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर किया टॉप



## अभिनव मेहता, पूर्णिमा शर्मा , रूहानी धीमान 698 अंक लेकर दूसरे नंबर पर

## अश्विका शर्मा व अलीशा ने 697 अंक लेकर तीसरे नंबर पर रहे

## बेटियों ने फिर गाड़े सफलता के झंडे, टॉप 10 में छात्राओं का दबदबा

**धर्मशाला,( सन्नी महाजन )।** हिमाचल प्रदेश बोर्ड के नतीजों में एक बार फिर लड़कियों ने बाजी मारी है। पहले स्थान पर रही अनमोल के साथ-साथ टॉप तीन पायदानों पर भी छात्राओं की संख्या अधिक रही, जो प्रदेश में महिला शिक्षा के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज 10वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इस साल का कुल परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा है। परीक्षा में शामिल हुए कुल 78,150 विद्यार्थी पास होने में सफल रहे हैं, जबकि 8433 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट मिली है। बोर्ड अध्यक्ष राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि जो विद्यार्थी दो विषयों में फेल हुए हैं, उन्हें अपनी पढ़ाई सुधारने के लिए जून में होने वाली परीक्षा में बैठने का एक और मौका दिया जाएगा। इस वर्ष की मेरिट सूची में बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाया है। कांगड़ा के एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहरा की छात्रा अनमोल ने 700 में से 699 अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान झटका है। मेरिट में दूसरे स्थान पर तीन विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। ऊना के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रापोह मिसरां के छात्र अभिनव मेहता,

-( शेष पृष्ठ 11 पर

दैनिक सवेरा टाइम्स

**हिमाचल दसवीं बोर्ड का रिजल्ट घोषित : टॉप-10 में 24 बेटे, 83 बेटियां**

# कांगड़ा की अनमोल 700 में से 699 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम

## बिलासपुर की पूर्णिमा शर्मा और ऊना के अभिनव मेहता, रूहानी धीमान दूसरे स्थान पर




| अनमोल | अभिनव मेहता | पूर्णिमा शर्मा | रूहानी धीमान | आशविका शर्मा | आलिशा ठाकुर |
|---|---|---|---|---|---|
| 99.86 % | 99.71% | 99.71% | 99.71% | 99.57 | 99.57 |

**सवेरा न्यूज/रविन्द्र वासन/ देवेंद्र वर्मा**

धर्मशाला/शिमला, 10 मई : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा की टॉप 10 मेरिट सूची में 107 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है, जिनमें 24 छात्र हैं तो 83 छात्राएं। रविवार को घोषित नतीजे के अनुसार कांगड़ा जिले की अनमोल ने 700 में से 699 यानी 99.86 फीसदी अंक लेकर प्रदेशभर में नया कीर्तिमान स्थापित कर प्रथम स्थान पाया है। वह एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहरा की छात्रा है। दूसरा स्थान संयुक्त रूप से अभिनव मेहता, पूर्णिमा शर्मा और रूहानी धीमान ने हासिल किया। तीनों छात्रों ने 698 अंक (99.71 प्रतिशत) प्राप्त किए। अभिनव मेहता ऊना के रपोह मिसरान स्थित राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल के छात्र हैं, जबकि पूर्णिमा शर्मा बिलासपुर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल और रूहानी धीमान ऊना के सपाह मिसरान की छात्रा है। तीसरा स्थान हमीरपुर के बिहरु स्कूल की आश्विका शर्मा और मंडी के कोटली स्कूल की अलीशा ठाकुर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। दोनों ने 697 अंक हासिल किए।

**हमीरपुर की आश्विका शर्मा और मंडी की अलीशा ठाकुर**

बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस बार परीक्षा का कुल परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा। इस वर्ष प्रदेशभर से कुल 93,661 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 78,150 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। इस वर्ष 8,433 विद्यार्थियों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जबकि 495 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि जो विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, वे पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त कम्पार्टमेंट श्रेणी में आए विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देकर अपना परिणाम सुधारने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

### पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष अच्छा रहा परिणाम

**हिमाचल** प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड का इस वर्ष का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। वर्ष 2025 में बोर्ड का कुल परीक्षा परिणाम लगभग 74 प्रतिशत के आसपास रहा था, जबकि इस बार सफलता प्रतिशत बढ़कर 83.87 प्रतिशत पहुंच गया है। यानी इस वर्ष करीब 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शिक्षा विशेषज्ञ इसे विद्यार्थियों की मेहनत, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और डिजिटल पढ़ाई के बढ़ते प्रभाव का परिणाम मान रहे हैं।

### हिमाचल की टॉप मेधावी छात्राएं

| | |
|---|---|
| अनमोल, कांगड़ा | 699/700 अंक (99.86 फीसदी) |
| पूर्णिमा शर्मा, बिलासपुर | 99.71 फीसदी |
| रूहानी धीमान, ऊना | 99.71 फीसदी |
| आश्विका शर्मा, हमीरपुर | 99.57 फीसदी |
| अलीशा ठाकुर, मंडी | 99.57 फीसदी |

### दसवीं परीक्षा एक नजर में

| | |
|---|---|
| कुल परीक्षार्थी | 93,661 |
| सफल विद्यार्थी | 78,150 |
| कुल परिणाम | 83.87 फीसदी |
| असफल विद्यार्थी | 6,559 |
| कंपार्टमेंट | 8,433 |
| टॉप 10 में कुल विद्यार्थी | 107 |

बोर्ड प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही अपने परिणाम की जानकारी प्राप्त करें। विद्यार्थियों को भविष्य की पढ़ाई और करियर को लेकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी गई है।

### अध्यापक बनना चाहती है अनमोल

**सवेरा न्यूज/जसवंत कठियाल**

**पालमपुर :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आज घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उपमंडल पालमपुर के पहड़ा के एवीएम निजी स्कूल की मेधावी छात्रा अनमोल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनमोल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से परिवार, स्कूल तथा पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। अनमोल के पिता रोहनित जहां अध्यापक हैं, वहीं माता प्रियंका गृहणी हैं। अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अनमोल ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उसने कहा कि समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भविष्य की योजनाओं के बारे में अनमोल ने बताया कि वह आगे चलकर अध्यापक बनना चाहती है, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देकर अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित कर सके। स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने अनमोल की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री ने अनमोल से की बात, बोले – आपने बढ़ाया हिमाचल का मान



**सवेरा न्यूज, शिमला :** दसवीं कक्षा की परीक्षा में प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा अनमोल को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फोन कर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अनमोल की शानदार सफलता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने मातृ दिवस के अवसर पर अनमोल से उनकी माता को शुभकामनाएं देने के बारे में भी पूछा। अनमोल ने बताया कि उन्होंने अपनी माता को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने उनकी पढ़ाई की दिनचर्या और सफलता के मंत्र के बारे में भी चर्चा की। अनमोल ने बताया कि वह प्रतिदिन पांच से छह घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं और सुबह पांच बजे उठकर अध्ययन करती थीं। मुख्यमंत्री ने अनमोल को जीवन में निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच बनाए रखने की प्रेरणा दी।

**परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को दी बधाई :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित किया है कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

**असफल रहे विद्यार्थियों को निराश न होने की सलाह :** मुख्यमंत्री ने परीक्षा में असफल रहे विद्यार्थियों को भी निराश न होने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता जीवन का अंत नहीं बल्कि आगे बेहतर करने का अवसर होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नए संकल्प और आत्मविश्वास के साथ दोबारा मेहनत करने का आह्वान किया।

Mon, 11 May 2026
epaper.dainiksaveratimes.in/c/79839630

Amar Ujala 11-05-2026

# मोबाइल फोन को छोड़ तय किया लक्ष्य नियमित मेहनत कर हासिल किया मुकाम

## रोज छह से आठ घंटे पढ़ाई का शेड्यूल, कोई डॉक्टर तो कोई बनना चाहता है इंजीनियर

### शिक्षकों के पढ़ाए पाठ्यक्रम को अनमोल ने दी प्राथमिकता

**अब जमा दो में टॉप करना लक्ष्य**

पालमपुर (कांगड़ा)। प्रदेश शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा के परिणाम में प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल करने वाली अनमोल का कहना है कि मेहनत करेंगे, तो क्या चीज हासिल नहीं हो सकती है। स्कूल के साथ घर में भी अच्छी मेहनत की जाए, तो हर चीज आसानी से हासिल की सकती है। यह ही अपने परिजनों का मूलमंत्र लेकर चली अनमोल ने आज प्रदेश भर में दसवीं कक्षा के परिणाम में पहला स्थान हासिल किया है। पाहड़ा के एवीएम स्कूल में पढ़ने वाली अनमोल पालमपुर उपमंडल के मनियाड़ा गांव निवासी हैं।

अब जमा एक में नॉन मेडिकल की पढ़ाई शुरु करने वाली अनमोल का पहले जमा दो की परीक्षा में टॉप करना मुख्य ध्येय है। उसके बाद वह अगला कदम सोचेंगी। अनमोल ने बताया कि वह स्कूल में पढ़ने के बाद घर में भी रोजाना छह घंटे जरूर पढ़ाई करती हैं। इस टाइमटेबल ने ही आज उसे प्रदेश में पहले स्थान पर लाया है। स्कूल में गुरुजनों की ओर से पढ़ाए गए पाठ्यक्रम को पहली प्राथमिकता देती हैं। इसके बाद वह अपने छह घंटे की पढ़ाई करती हैं। इस ध्येय को लेकर ही वह आगे बढ़ेंगी, जबकि आगे उसे छह के बजाए कई घंटे भी पढ़ाई करना पड़ सकती है तो वह करेंगी। अनमोल के पिता रोहित कुमार शिक्षक हैं और माता प्रियंका गृहिणी हैं। अनमोल अपने इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रधानाचार्य अंकुश सूद, शिक्षकों और परिजनों को दी है। संवाद



प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल करने वाली अनमोल को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य और अन्य। स्रोत : संस्थान

### ट्रक चालक की टॉपर बेटी बनेगी डॉक्टर

मंडी। ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली की छात्रा अलिशा ने 99.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी सूची में प्रदेशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। एक ट्रक चालक की बेटी अलिशा की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया कि गरीबी प्रतिभा के आड़े नहीं आती। अलिशा ने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे प्रतिदिन 6 से 8 घंटे की कड़ी मेहनत और सटीक रणनीति है। अलिशा ने कहा कि मेरा लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनकर समाज और देश की सेवा करना है। इसके लिए उन्होंने अभी से आर्ट्स और गणित जैसे विषयों पर अपनी पकड़ मजबूत करना शुरू कर दिया है। संवाद

### चिकित्सक बनना चाहती हैं अश्विका

हमीरपुर। नीलम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल बिहडू की अश्विका शर्मा ने 697 (99.57) फीसदी अंक लेकर प्रदेश में तीसरा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। अश्विका भविष्य में चिकित्सक बनना चाहती हैं। उनके पिता विजय कुमार इंजीनियर, जबकि माता शशिबाला शर्मा बाबा बालक नाथ महाविद्यालय में जीव विज्ञान की प्राध्यापक हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन आठ से नौ घंटे तक पढ़ाई कर उन्होंने मेरिट सूची में स्थान पाया है। वर्तमान में वह मेडिकल विषय में पढ़ाई कर रही हैं। संवाद

# Palampur girl emerges HP Class X board topper with 99.86% marks

TRIBUNE REPORTERS



ANMOL Rank 1st | ABHINAV Rank 2nd | ROOHANI Rank 2nd | ASHWIKA Rank 3rd | ALISHA Rank 3rd

PALAMPUR, MAY 10

Anmol, a student of AVM Senior Secondary School, Pahra, 15 km from Palampur, has brought immense pride to the region by securing first position in the state in Class X examinations conducted by the Himachal Pradesh Board of School Education. The results were announced today.

A meritorious student Anmol scored an extraordinary 699 marks out of 700 marks, achieving 99.86 per cent and emerging as the topper in Himachal Pradesh. Her remarkable success has become a matter of celebration for the school, teachers, students and local residents.

Anmol belongs to an ordinary family, making her achievement even more inspiring. Despite limited resources, she remained focused on academics and consistently performed exceptionally well throughout her school career. According to the school authorities, Anmol has been securing first position in her class continuously for the past five years, reflecting her dedication, discipline and hard work.

Principal, AVM School, Pahra, said Anmol was one of the most sincere and disciplined students of the institution. He said her consistent performance over the years clearly indicated her academic excellence and determination to succeed. The principal also appreciated the role of her parents and teachers in motivating and guiding her.

Teachers described Anmol as humble, hardworking and highly committed towards studies. Her achievement has inspired many students in the region to work harder and pursue excellence in academics.

The school management felicitated Anmol for her exceptional accomplishment and wished her success in future endeavours. Parents, educationists and prominent citizens from Palampur and nearby areas congratulated Anmol and her family for this outstanding achievement, calling it a proud moment for the entire region.

### Abhinav, Roohani clinch second state rank

UNA: Two students from Government Senior Secondary School, Rapoh Missran, Amb tehsil, Abhinav Mehta and Roohani Dhiman secured second position in the Class 10th examination conducted by the Himachal Pradesh Board of School Education, the results of which were declared today. Both secured 698 marks out of 700 and bagged the second place along with Purnima Sharma from Bilaspur district, who also scored the same marks.

Abhinav Mehta's father is a businessman and his mother is a housewife. A resident of Kotla village under Chaksarai post office of Amb tehsil, he is a devout, wakes up early and offers prayers at the village temple before starting his day. He also represented the school at the state level School Chess Tournaments recently.

Abhinav said he studied for at least four to five hours a day while at home. He gives credit for his achievement to his parents who supported him and his teachers, who he said were learned and always ready to help students in their studies. Abhinav said he wants to study engineering and had already taken admission in 10+2 (Non medical) stream.

Roohani Dhiman's father is a lecturer in mathematics at the same school where she studied, while her mother is a housewife. She plays badminton and has represented the school and the district at the district and state-level school tournaments. She is a resident of Thada village under Panjoa Ladoli post office of Amb tehsil.

Roohani said her routine after schooling was half an hour of rest at home, followed by two hours of badminton game. Thereafter, she studied till midnight. Roohani said she wanted to clear the JEE examination to get admission in an engineering course at any IIT. She credits her success to her parents and teachers.

### Ashwika Sharma grabs third merit position

HAMIRPUR: Ashwika Sharma, a student of Neelam Public School, Bihadu, Hamirpur district, has secured the third position across the state by obtaining 697 marks in the matriculation examinations conducted by the Himachal Pradesh Board of School Education. This achievement of Ashwika, who hails from Bihadu village, Sakroha panchayat, Barsar subdivision, has sparked a wave of joy throughout the entire region.

Ashwika's father, Vijay Sharma is an engineer in a private company, while her mother, Shashi Bala, is an Assistant Professor at BBN Degree College, Chakmoh.

Ashwika attributed her success to the blessings of her parents and the guidance of her teachers. She said her goal was to become a doctor and dedicate herself to serving society and those in need. The school management and relatives and friends extended their best wishes to Ashwika.

### Alisha Thakur secures third rank

MANDI: In an inspiring story of determination and hard work, Alisha Thakur, a student of Oxford School, Kotli, Mandi district, has brought laurels to the region by securing the third position in the Himachal Pradesh Board of School Education Class X examinations. She secured 697 marks (99.57 per cent) out of 700 marks in the exams. Coming from a humble background, Alisha's achievement has become a matter of

CONTINUED ON PAGE 2

Amar Ujala 11-05-2026

# हिमाचल बोर्ड : दसवीं की परीक्षा में भी बेटियों का परचम, कांगड़ा की अनमोल ने किया टॉप

## ऊना के अभिनव, रुहानी व बिलासपुर की पूर्णिमा दूसरे, हमीरपुर की अश्विका, मंडी की अलीशा तीसरे स्थान पर

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रविवार को दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। कांगड़ा जिले के एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाहड़ा की छात्रा अनमोल ने 700 में से 699 (99.86%) अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। बारहवीं की तरह दसवीं कक्षा में भी बेटियों ने परचम लहराया है।

**83.87% रहा परिणाम**

बोर्ड की ओर से जारी मेरिट सूची (टॉप टेन) में 107 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इसमें 83 छात्राएं और 24 छात्र शामिल हैं। परिणाम 83.87 फीसदी रहा, जो पिछले साल की तुलना में 4.07 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025 में दसवीं की परीक्षा का परिणाम 79.8 फीसदी रहा था। ऊना के रपोह मिस्सरां स्कूल के अभिनव और इसी स्कूल की रूहानी धीमान के अलावा बिलासपुर के कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पूर्णिमा शर्मा ने 700 में से 698 (99.71%) अंक हासिल कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। हमीरपुर के नीलम पब्लिक सीसे स्कूल बीहडू की अश्विका शर्मा और मंडी के ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली की अलीशा ठाकुर ने 700 में से 697 (99.57%) अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मेरिट में इस बार भी निजी स्कूलों का दबदबा रहा है। टॉप-10 में 83 निजी और 24 विद्यार्थी सरकारी स्कूलों के हैं। मार्च में हुई परीक्षा के लिए 93,661 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 93,176 ने परीक्षा दी। 485 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कुल 78,150 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की है, जिनमें 39,701 छात्र और 38,449 छात्राएं हैं। 6,559 विद्यार्थी परीक्षा पास करने में असफल रहे। 8,433 की कंपार्टमेंट आई है। 31 का परिणाम आरएलडी, तीन का पीआरएस और 37 का पीआरसी रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

**699 / 700**
**99.86%**



**1ST** अनमोल
एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाहड़ा, कांगड़ा

**2nd 698 / 700**
**99.71%**
3 विद्यार्थी संयुक्त रूप से द्वितीय रहे



अभिनव मेहता, रपोह मिस्सरां स्कूल ऊना



रुहानी धीमान, रपोह मिस्सरां स्कूल ऊना



पूर्णिमा, कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर

**3rd 697 / 700**
**99.57%**



अश्विका, नीलम पब्लिक सीसे स्कूल बीहडू हमीरपुर



अलीशा, ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली मंडी

| टॉप टेन में 107 विद्यार्थी 83 छात्राएं और 24 छात्र | 93,176 कुल विद्यार्थी | 78,150 छात्र-छात्राएं पास | 6,559 असफल | 8,433 की कंपार्टमेंट |
|---|---|---|---|---|



विशेष पेज 7 पर

### पास और कंपार्टमेंट वाले विद्यार्थी दे सकेंगे दोबारा परीक्षा, फेल पात्र नहीं

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार ड्यूल परीक्षा प्रणाली के तहत मई-जून में दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। वैकल्पिक सुधार परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी 78,150 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, एसेंशियल इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए 8,433 अभ्यर्थी पात्र हैं। फेल घोषित किए 6,559 विद्यार्थी दूसरी परीक्षा के लिए पात्र नहीं होंगे। इस परीक्षा के बाद अंतिम मेरिट सूची जारी होगी।

### विद्यार्थी पुनर्निरीक्षण और पुनर्मूल्यांकन के लिए 25 तक कर सकते हैं आवेदन

जो विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं और उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण करवाना चाहते हैं, वे 25 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए 1,000 और पुनर्निरीक्षण के लिए 800 रुपये प्रति विषय शुल्क देना होगा। पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 फीसदी अंक अनिवार्य है। – **डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव शिक्षा बोर्ड**

**मेरिट में हमीरपुर जिले का दबदबा**

| जिला | संख्या |
|---|---|
| हमीरपुर | 28 |
| कांगड़ा | 19 |
| मंडी | 18 |
| बिलासपुर | 12 |
| ऊना | 9 |
| सोलन | 8 |
| शिमला | 4 |
| चंबा | 4 |
| सिरमौर | 3 |
| कुल्लू | 2 |

### बहन की स्कॉलरशिप से पढ़ाई कर श्रुति ने चमकाया नाम

**सोलन।** नालागढ़ की श्रुति ने कठिन परिस्थितियों और व्यक्तिगत परेशानियों को पीछे छोड़ते हुए प्रदेशभर में मेरिट में चौथा स्थान हासिल किया है। >> पेज 7

Himachal Dastak 11-05-2026

# 10वीं का रिजल्ट घोषित, कांगड़ा की अनमोल बनी स्टेट टॉपर



## एवीएम पब्लिक स्कूल पाहड़ा की छात्रा ने 700 में से 699 अंक हासिल कर लहराया परचम

हिमाचल दस्तक ब्यूरो | धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रविवार को 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस बार लड़कियों ने एकबार फिर से बाजी मार ली है। परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कांगड़ा जिला के निजी स्कूल की छात्रा अनमोल प्रदेश में टॉपर बनी है।

अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर टॉप किया है। उन्होंने बताया कि अभी प्रोविजनल मैरिट सूची जारी की गई, जिसमें जून में बदलाव होने के बाद फाइनल मैरिट सूची जारी होगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले परिणाम में बढ़ोतरी हुई है। 10वीं कक्षा का रिजल्ट 83.87 प्रतिशत रहा। इस बार परीक्षा में 93 हजार 661 बच्चों ने भाग लिया था जिनमें 78 हजार 150 छात्र पास हुए हैं। इस तरह परीक्षा परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा। वहीं 84,33 छात्रों को कंपार्टमेंट आई है वहीं फेल छात्रों की संख्या 6559 रही है। 10वीं की परीक्षा में इस बार एवीएम पब्लिक स्कूल पाहड़ा जिला कांगड़ा की अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं दूसरे स्थान पर तीन छात्रों अभिनव मेहता ऊना, पूर्णिमा जीएसएसएस बिलासपुर व रोहिणी धीमान ने 700 में से 698 अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा निजी स्कूल हमीरपुर की छात्रा अश्विका शर्मा व ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली मंडी की अलीशा ठाकुर ने 697 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है। इस बार जून में 10वीं में कंपार्टमेंट वाले परीक्षार्थी दोबारा परीक्षा दे पाएंगी। इसमें बच्चों को अपने अंक सुधार करने का मौका भी मिल पाएगा। हालांकि फेल छात्रों को जून में परीक्षा देने का मौका नहीं मिल पाएगा।

**83.87%**
**रहा परीक्षा परिणाम लड़कियों का वर्चस्व बरकरार**

**दूसरे स्थान पर तीन और तीसरे स्थान पर दो ने जमाया कब्जा**

| दूसरा स्थान | तीसरा स्थान |
|---|---|
| नवोन्वेष (698 अंक) ऊना | अश्विका शर्मा (697 अंक) हमीरपुर |
| पूर्णिमा शर्मा (698 अंक) बिलासपुर | अलीशा ठाकुर (697 अंक) मंडी |
| रूहानी डोमेन (698 अंक) ऊना | |

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बधाई दी

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 10वीं की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। मेधावियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिणाम उनकी कड़ी मेहनत, लगन और पढ़ाई के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता और उत्साह के महत्व को प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन और सहयोग करने में अभिभावकों, शिक्षकों और शुभचिंतकों के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने इस परीक्षा में असफल विद्यार्थियों को निराश न होने और नव संकल्प व कड़ी मेहनत के साथ पुनः तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

Anant Gyan 11-05-2026

# 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में कांगड़ा की अनमोल टॉपर

## 83.87 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास; 8433 छात्रों को कंपार्टमेंट, 6559 हुए फेल

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस बार परीक्षा में 93 हजार 661 ने भाग लिया था जिनमें 78 हजार 150 छात्र पास हुए हैं। इस तरह परीक्षा परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा। वहीं 8433 छात्रों को कंपार्टमेंट आई है। फेल छात्रों की संख्या 6559 रही है।

परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कांगड़ा जिला के निजी स्कूल की छात्रा अनमोल प्रदेश में टॉपर बनी है। अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर टॉप किया है। उन्होंने बताया कि अभी प्रोविजनल मैरिट सूची जारी की गई, जिसमें जून में बदलाव होने के बाद फाईनल मैरिट सूची जारी होगी।

10वीं की परीक्षा में इस बार एवीएम पब्लिक स्कूल पहाड़ा जिला कांगड़ा की अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर पर तीन छात्रों अभिनव मेहता ऊना, पूर्णिमा जीएसएसएस बिलासपुर व रोहिणी धीमान ने 700 में से 698 अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा निजी स्कूल हमीरपुर की छात्रा अश्विका शर्मा व ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली मंडी की अलीशा ठाकुर ने 697 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है।

### अध्यापक बनना चाहती है अनमोल

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** दसवीं कक्षा की हिमाचल टॉपर पंचरुखी के पाहड़ा क्षेत्र के एवीएम प्राइवेट स्कूल की होनहार छात्रा अनमोल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। अनमोल की इस अभूतपूर्व सफलता से न केवल उसके परिवार बल्कि स्कूल और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इतनी उच्च उपलब्धि हासिल करना उसकी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। अनमोल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उसने बताया कि नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। भविष्य की योजनाओं को लेकर अनमोल ने कहा कि उसका लक्ष्य एक अध्यापक बनना है, ताकि वह आगे चलकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे सके और अन्य छात्रों को भी प्रेरित कर सके। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने अनमोल की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।





पूर्णिमा सेकेंड



रोहिणी सेकेंड



अभिनव सेकेंड



अश्विका सेकेंड

### पिछले वर्ष के मुकाबले बढ़ी पास प्रतिशतता

**बोर्ड** अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले परिणाम में बढ़ोतरी हुई है। परीक्षाओं में सुधार के बड़े प्रयास किए गए हैं, जिसमें एमसीक्यू व कप्टेंसी बेस्ड व प्रश्न पत्र में बड़े बदलाव किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार परीक्षाओं के लिए राज्यभर में 2384 सेंटर बनाए गए थे। इस बार लाइव मॉनिटरिंग भी परीक्षा केंद्रों की गई है। अगली बार ओडियो-वीडियो कैमरे से परीक्षा केंद्रों में निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही मूल्यांकन के लिए 41 केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 2900 शिक्षकों ने सेवाएं प्रदान की।

### सीएम सुक्खू ने फोन कर अनमोल को दी बधाई

**10वीं** परीक्षा में टॉप करने वाली छात्रा अनमोल के लिए रविवार का दिन यादगार बन गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं फोन कर उसे शानदार सफलता पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने बातचीत में अनमोल की मेहनत और परिवार के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल की बेटियां हर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार मेधावी छात्रों को बेहतर अवसर देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

Dainik Bhaskar 11-05-2026

प्रदेश के 107 बच्चों ने 10वीं कक्षा के परिणाम में टॉप टेन में बनाई जगह, इनमें 80 लड़कियां और 25 लड़के हैं शामिल, माताएं बोली मदर्स डे पर बेहतरीन तोहफा

# 10वीं के परिणाम में बेटियों का परचम, टॉपर अनमोल शिक्षिका बनकर करेंगी समाज को शिक्षित

भास्कर न्यूज़ | धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है जिसमें कांगड़ा जिला के एवीएम पब्लिक स्कूल पहाड़ा की छात्रा अनमोल ने 700 में से 699 अंक हासिल कर प्रदेश भर में पहला स्थान झटका है। उन्होंने केवल एक अंक चूकने के साथ 99.86 प्रतिशत का शानदार स्कोर खड़ा कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अपनी सफलता से गदगद अनमोल ने भविष्य में शिक्षक बनकर समाज को शिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## अनमोल ने ट्यूशन का कभी सहारा नहीं लिया



पालमपुर | एवीएम पहाड़ा स्कूल की छात्रा अनमोल ने प्रदेश में 699 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनमोल के पिता रोहित कुमार गांवमणियारा सरकारी स्कूल में अध्यापक हैं तथा माता ग्रहिणी हैं। अनमोल ने बताया कि ट्यूशन का कभी सहारा नहीं लिया। सेल्फ स्टडी की और जा डाउट होते थे वे स्कूल के टीचर्स से क्लियर करती थीं। भविष्य में शिक्षिका बनना चाहती हैं।

## बैडमिंटन की भी स्टेट लेवल की खिलाड़ी है रूहानी धीमान



अंब | प्रदेश बोर्ड के दसवीं के नतीजे में बेहतर प्रदर्शन कर 700 में से 698 अंक लेकर प्रदेश भर की मेरिट में दूसरा स्थान हासिल करने वाली रिपोह मिसरां स्कूल की रूहानी धीमान पढ़ाई ही नहीं बैडमिंटन की भी अच्छी खिलाड़ी है। रूहानी ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिजनों व स्कूल टीचर्स को दिया है।

## मेहनत ही सफलता की कुंजी



घुमारवीं | हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पूर्णिमा शर्मा ने 698 अंक हासिल किए हैं। पूर्णिमा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्रा पाठशाला बिलासपुर की छात्रा हैं। अध्यापक जो पढ़ाते हैं उसे ध्यान से समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई और मेहनत ही सफलता की कुंजी है।

## स्टेट लेवल पर चेस में भी अपने स्कूल को रिप्रेजेंट कर चुके हैं अभिनव मेहता

अंब | हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के दसवीं के नतीजे में 700 में से 698 अंक हासिल कर प्रदेशभर की मेरिट में दूसरा स्थान हासिल करने वाला रिपोह मिसरां स्कूल का अभिनव मेहता चेस में स्कूल को स्टेट लेवल तक रिप्रेजेंट कर चुका है। अभिनव निकट भविष्य में एक बीटेक इंजीनियर बनना चाहता है।




## डॉक्टर बनना चाहती है अश्विका



बिझड़ी | टॉपटेन सूची में नीलम पब्लिक स्कूल बिहड़ू की अश्विका शर्मा ने 697 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल कर किया है। अश्विका भविष्य में डॉक्टर बन कर लोगों की सेवा करना चाहती है।

## प्रशासनिक अधिकारी बनेंगी ट्रक चालक की बेटी

मंडी | मंडी के ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली की छात्रा अलीशा ठाकुर ने प्रदेश भर में 697 अंकों के साथ तीसरा स्थान



हासिल किया। अलीशा के पिता प्रकाश चंद ट्रक चालक हैं, जबकि माता घर पर सिलाई का कार्य कर परिवार का सहयोग करती हैं। उनका सपना भविष्य में प्रशासनिक अधिकारी बनने का है।

Anant Gyan 11-05-2026

# मैट्रिक रिजल्ट : मेरिट में 107 स्टूडेंट्स का कब्जा

## शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में लड़कों को पछाड़ कर लड़कियों का दबदबा कायम, निजी स्कूल भी छाए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में 107 स्टूडेंट्स ने जगह बनाई है। इनमें से लड़कियों की संख्या अधिक है। एक बार फिर से लड़कियों ने अपना दबदबा बरकरार रखा है। इससे पहले घोषित जमा दो के परीक्षा परिणाम में भी लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ते हुए मैरिट में अपना दबदबा कायम किया था। वहीं, दसवीं की मेरिट में निजी स्कूलों ने सरकारी स्कूलों को पछाड़ते हुए अधिक स्थान अपने नाम किए हैं।

### 83 स्थानों पर लड़कियां का कब्जा

**मेरिट** के 107 स्थानों में लड़कियों ने लड़कों के मुकाबले तीन गुना से अधिक स्थानों पर जगह बनाई है। मेरिट में शामिल लड़कियों की संख्या 83 है, जबकि लड़के 24 ही स्थानों पर ही जगह बना पाए हैं।

**निजी स्कूलों का दबदबा :** मेरिट में निजी स्कूलों ने दबदबा बनाया है। 107 स्थानों में से 83 पर निजी स्कूलों, जबकि सरकारी स्कूलों के 24 ही विद्यार्थी मेरिट में जगह बना पाए हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि निजी स्कूलों ने मेरिट में सरकारी स्कूलों की अपेक्षा तीन गुणा स्थानों पर अपना कब्जा जमाया है।

### लड़कों की पास प्रतितशता अधिक

**दसवीं** के परीक्षा परिणाम की मेरिट में भले ही अधिकतर स्थानों पर लड़कियों ने कब्जा जमाया है, लेकिन पास प्रतिशतता के मामले में लड़कों ने लड़कियों को पछाड़ दिया है। 93661 परीक्षार्थियों में से 78150 पास हुए हैं। 48097 लड़कों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिनमें से 39701 पास हुए हैं, वहीं 45079 लड़कियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें 38449 लड़कियां पास हुई हैं।

## 79.8 फीसदी से 4.79 बढ़कर 83.87 फीसदी पहुंचा मैट्रिक रिजल्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित मैट्रिक का परीक्षा परिणाम पूर्व के वर्ष के 79.8 फीसदी से 4.79 बढ़कर इस बार 83.87 प्रतिशत रहा। कांगड़ा जिले के एवीएम पब्लिक स्कूल पहाड़ा की छात्रा अनमोल ने 700 में से 699 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। दसवीं में टॉप-10 मेरिट लिस्ट में कुल 107 छात्रों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें बेटियों ने 83 स्थानों पर कब्जा किया है। वहीं, एक बार फिर सरकारी स्कूल फीसड्डी साबित हुए हैं, करोड़ों के इंफ्रास्ट्रक्चर व शिक्षकों के बावजूद 107 में मात्र 24 स्थान पर सरकारी, जबकि 83 पर निजी स्कूलों को दबदबा रहा है। इस बार भी पिछले वर्षों की भांति वेबसाइट कुछ समय के लिए क्रैश हो गई, जिससे छात्रों को रिजल्ट देखने में दिक्कत हुई है। कंपार्टमेंट घोषित व अंक में सुधार करने वाले छात्रों के लिए 20 दिन के बाद जून माह में दूसरी परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर फाइनल रिजल्ट व मेरिट सूची जारी की जाएगी। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अभी प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की गई, जिसमें जून में बदलाव होने के बाद फाइनल मेरिट सूची जारी होगी।

◆ **कुछ समय के लिए वेबसाइट क्रैश से परेशानी**

### कांगड़ा की अनमोल टॉपर

**दसवीं** की परीक्षा में इस बार एवीएम पब्लिक स्कूल पहाड़ा की अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर 99.86 प्रतिशत संग प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, द्वितीय स्थान पर तीन छात्रों जीएसएसएस रपो मिश्रां ऊना के अभिनव मेहता, जीएसएसएस गर्ल्ज बिलासपुर की पूर्णिमा शर्मा व रपो मिश्रां ऊना की रूहानी धीमान ने 700 में से 698 अंक 99.71 प्रतिशत प्राप्त किए हैं। इन छात्रों ने 99.71 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा नीलम पब्लिक स्कूल बिझड़ी हमीरपुर की छात्रा अश्विका शर्मा व ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली मंडी की अलीशा ठाकुर ने 697 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है। इन्होंने 99.57 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वहीं, उपायुक्त हेमराज बैरवा ने अनमोल को बधाई दी है।

### अब परीक्षा केंद्रों में लगेंगे ओडियो-वीडियो कैमरे

**बोर्ड** अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले परिणाम में बढ़ोतरी हुई है। परीक्षाओं में सुधार के बड़े प्रयास किए गए हैं। इसमें न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत प्रश्न पत्र में बदलाव करते हुए एमसीक्यू व कप्टेंसी बेस्ड प्रश्न शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार परीक्षाओं के लिए राज्यभर में 2384 सेंटर बनाए गए थे। इस बार लाइव मॉनिटरिंग भी परीक्षा केंद्रों की गई है। अगली बार ओडियो-वीडियो कैमरे से परीक्षा केंद्रों में निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही मूल्यांकन के लिए 41 केंद्र बनाए गए थे।

### जून में दोबारा परीक्षा देने का मौका

**हिमाचल** स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला आज पांचवें स्थान पर है। वहीं, इस बार जून में दसवीं में कंपार्टमेंट वाले परीक्षार्थी दोबारा परीक्षा दे पाएंगे। इसमें बच्चों को अपने अंक सुधार करने का मौका भी मिल पाएगा। इसमें कुल सात विषयों में से पांच मुख्य में से दो में फेल होने पर भी कंपार्टमेंट में शामिल कर परीक्षा पास करने का अवसर दिया गया है। हालांकि, फेल छात्रों को जून में परीक्षा देने का मौका नहीं मिल पाएगा, उन्हें आगामी सत्र में ही परीक्षा होगी। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि दो वर्ग के छात्र कंपार्टमेंट व पास छात्र जो तीन विषयों में अंक सुधार करने को जून में परीक्षा होगी।

## 28 स्थानों संग छाया हमीरपुर जिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हमीरपुर जिले के विद्यार्थियों ने कमाल किया है। हमीरपुर के विद्यार्थियों ने मेरिट में सबसे अधिक 28 स्थानों पर जगह बनाई है, जबकि 19 स्थानों के साथ जिला कांगड़ा दूसरे, जबकि जिला मंडी 18 स्थानों के साथ तीसरे स्थान पर है। जमा दो के परीक्षा परिणाम में जिला कांगड़ा के विद्यार्थियों ने प्रदेश में सबसे अधिक स्थानों पर कब्जा जमाया था। दसवीं की मेरिट में हमीरपुर के 28, कांगड़ा 19, ऊना 9, बिलासपुर 12, सोलन 8, मंडी 18, शिमला व चंबा 4-4, सिरमौर 3, कुल्लू 2 विद्यार्थी काबिज हुए हैं।

**▶▶ मेरिट के 19 स्थानों के साथ कांगड़ा दूसरे और मंडी तीसरे स्थान पर**

### पिछले वर्ष 117 और इस बार 107 स्टूडेंट्स मेरिट में

**आंकड़ों** के अनुसार, वर्ष 2025 में मैट्रिक की मेरिट में 117 विद्यार्थियों ने जगह बनाई थी, जबकि इस बार मेरिट में 107 विद्यार्थी शुमार हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष की अपेक्षा 10 कम हैं। वर्ष 2024 में 92 विद्यार्थी मेरिट में जगह बना पाए थे। इस वर्ष मेरिट की पास प्रतिशतता 83.87 फीसदी रही है, जबकि वर्ष 2025 में पास प्रतिशतता 79.8 फीसदी और वर्ष 2024 में 74.61 फीसदी रही थी। वर्ष 2024 में 91330, वर्ष 2025 में 95068 और इस वर्ष 93661 ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी।

# नौ अंकों के अंतराल से 107 विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाई जगह

◆ टॉपर और दसवें स्थान के विद्यार्थियों के प्राप्त अंकों में 1.29 फीसदी का अंतर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मैट्रिक के परीक्षा परिणाम की मेरिट में 9 अंकों के अंतराल से 107 विद्यार्थियों ने मेरिट में अपनी जगह बनाई है। 9 अंकों के अंतर से मेरिट में जगह बनाने के लिए विद्यार्थियों के कांटे की टक्कर हुई, जो कि मेरिट से स्पष्ट हो जाता है।

मेरिट में टॉपर अनमोल ने 699 अंक (99.86 फीसदी) हासिल किए हैं, जबकि दसवें स्थान पर 690 अंकों वाले विद्यार्थी शुमार हुए हैं, ऐसे में प्राप्त अंक प्रतिशतता का टॉपर व दसवें स्थान के स्टूडेंटस में अंतर 1.29 फीसदी रहा है।

## 9वें स्थान पर सबसे अधिक 25 विद्यार्थी

**दसवीं** की मेरिट में 107 स्थानों में से नौवें स्थान पर सबसे अधिक 25, जबकि दसवें स्थान पर 24 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। मेरिट में पहले स्थान पर 1, दूसरे स्थान पर 3, तीसरे स्थान पर 2, चौथे स्थान पर 4, पांचवें व छठे स्थान पर 8-8, सातवें स्थान पर 13, आठवें स्थान पर 19, जबकि नौवें पर 25 और दसवें स्थान पर 24 विद्यार्थी काबिज हैं।

## 83 लड़कियां, 83 ही निजी स्कूल

**मैट्रिक** के रिजल्ट में एक अद्भुत संयोग बना है, जिसमें मेरिट में 83 लड़कियों ने जगह बनाई है, वहीं मेरिट में जगह बनाने वाले निजी स्कूलों का आंकड़ा भी 83 का ही सामने आया है। इसी तरह सरकारी स्कूलों की बात करें तो 24 स्कूल मेरिट में रहे हैं, वहीं 24 लड़के ही मेरिट में अपना स्थान पक्का कर पाए हैं।

## पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण के लिए 25 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**दसवीं** परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक परीक्षार्थी संबंधित पाठशाला के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्रणाली द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर पुनर्मूल्यांकन के लिए एक हजार व पुनर्निरीक्षण के लिए 800 प्रति विषय की दर से 25 मई तक आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

Punjab Kesari 11-05-2026

# परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों की भूमिका अनुकरणीय : राजन

अम्ब /कांगड़ा, 10 मई ( अश्विनी/ अविनाश ): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के शानदार प्रदर्शन पर हिमाचल प्रदेश स्कूल लैक्चरार संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने प्रैस बयान जारी कर कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों की अनुकरणीय भूमिका रही है और सरकारी स्कूल नंबर वन पर रहे हैं, जो सराहनीय उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री इस सफलता के लिए बधाई के पात्र हैं क्योंकि प्रदेश सरकार लगातार सरकारी स्कूलों को प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री स्वयं भी सरकारी स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, इसलिए वह सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष राजेश शर्मा के उस बयान का भी स्वागत किया, जिसमें उन्होंने बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों की सराहनीय भूमिका के लिए अध्यापकों को श्रेय दिया है।

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
10 मई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा खबर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ

# 83.87 प्रतिशत रहा 10वीं का परिणाम

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड द्वारा मार्च-2026 में आयोजित मैट्रिक (कक्षा 10वीं) नियमित परीक्षा, कंपार्टमेंट, अतिरिक्त विषय एवं प्रदर्शन सुधार (इंप्रूवमेंट ऑफ परफॉर्मेंस) परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 93,661 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 78,150 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। परीक्षा का कुल परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा। इसके अतिरिक्त 8,433 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जबकि 6,559

## 78,150 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की परीक्षा

विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 78,150 उत्तीर्ण (Pass) विद्यार्थी वैकल्पिक सुधार परीक्षा (Optional Improvement wnd Exam) में अधिकतम तीन विषयों में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त कंपार्टमेंट श्रेणी में रखे गए 8,433 विद्यार्थी (RESULT : Essential Improvement) द्वितीय परीक्षा (2nd Exam) में बैठने के लिए पात्र होंगे, जबकि 6,559 अनुत्तीर्ण (Fail) विद्यार्थी (RESULT : Essential Repeat)



द्वितीय परीक्षा (2nd Exam) के लिए पात्र नहीं होंगे। विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रमाण पत्रों की प्रतियां DigiLocker पर भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। बोर्ड द्वारा द्वितीय परीक्षा (2nd एग्जाम) हेतु आवेदन प्रक्रिया एवं परीक्षा का कार्यक्रम अलग से जारी किया जाएगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि जो विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन (रि-इवेल्यूएशन) अथवा पुनः जांच (री-चेकिंग) करवाना चाहते हैं, वे संबंधित विद्यालय के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन हेतु 1000 रुपये प्रति विषय तथा पुनः जांच हेतु 800 रुपये प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई 2026 निर्धारित की गई है। पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य रहेगा तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा।

# 10वीं रिजल्ट: कांगड़ा जिले की अनमोल ने किया टॉप



**जागो! धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने कक्षा 10वीं रिजल्ट 2026 की घोषणा कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थी अब अपना रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा। कुल 78,150 विद्यार्थी पास हुए, 8433 को कंपार्टमेंट आई है। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि जो विद्यार्थी दो पेपरों में फेल हैं, उन्हें जून में परीक्षा देने का मौका मिलेगा। पहले नंबर पर एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहरा कांगड़ा की छात्रा अनमोल ने 699 नंबर लेकर पूरे प्रदेश में टॉप किया है। दूसरे नंबर पर 698 लेकर अभिनव मेहता जो कि गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रापोह मिसरां ऊना के छात्र हैं। 698 लेकर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिलासपुर की छात्रा पूर्णिमा शर्मा भी दूसरे नंबर पर रही हैं। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रापोह मिसरां ऊना की छात्रा रूहानी धीमन 698 अंक लेकर दूसरे नंबर पर हैं। कुल तीन छात्र दूसरे नंबर पर हैं। तीसरे नंबर पर 697 अंक लेकर नीलम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीहड़ (विझड़ी) की छात्रा अधिका शर्मा हैं। तीसरे नंबर पर ही अलीशा ठाकुर हैं जो ऑक्सफ़ोर्ड स्कूल, कोटली की छात्रा हैं

-शेष पृष्ठ दो पर-

## टॉपर बच्ची को कॉल कर बोले सीएम, आपने बढ़ाया हिमाचल का मान



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा की टॉपर कुमारी अनमोल से फोन पर बातचीत कर

-शेष पृष्ठ दो पर-

## HP BOARD 10TH RESULT OUT : ANMOL LEADS THE CHART WITH 699/700

MAY 11, 2026 MONDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# THE CHAIRMAN'S SCORECARD: RAJESH SHARMA PRESIDES OVER AN 83.87% SUCCESS RATE




***Sunny Mahajan | Dharamshala***

The girls have officially run away with the crown in this year's Himachal Pradesh Board of School Education Class 10 results. With an overall pass percentage of 83.87%, the academic dust has settled, and the scoreboard reveals a clear winner: girl power. Leading the pack with an near-perfect score of 699 out of 700 is Anmol from AVM Senior Secondary School in Kangra. She didn't just pass the finish line; she sprinted past it, leaving the rest of the state in her rearview mirror.

The silver medal position is a crowded house this year, proving that the competition at the top is nothing short of a nail-biter. Abhinav Mehta and Ruhani Dhiman, both from Government Senior Secondary School in Una, along with Purnima Sharma from Bilaspur, all clocked in at a staggering 698 marks. While they might be sharing the second-place podium, their scores suggest a level of academic precision that would make a Swiss watchmaker jealous. Not far behind, Ashvika Sharma and Alisha Thakur locked in the third spot with 697 marks, ensuring the top tier of the merit list remains a largely female fortress.

It wasn't just a two-horse race, though. The fourth spot saw a four-way tie with Shruti, Asmita Sharma, Ishita Walia, and Kanish all landing on 696 marks. Out of the 78,150 students who successfully cleared the hurdles, a small group of 8,433 found themselves in the compartment zone. However, Board Chairman Rajesh Sharma isn't pulling the plug on their dreams just yet. In a move that offers a much-needed lifeline, students who tripped up in two subjects will get a shot at redemption this June. It's a second chance to turn a setback into a comeback, proving that in the HP board, the final bell hasn't rung until everyone gets a fair shake at success.

Divya Himachal 11-05-2026

# कांगड़ा की अनमोल ने बढ़ाया जिला का मान

## पाहड़ा स्कूल की होनहार ने 699 अंक झटक कर प्रदेश भर में पाया पहला स्थान, मैरिट सूची में जिला के 19 छात्रों ने बनाई जगह

**नगर संवाददाता- धर्मशाला**

गुड न्यूज

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित किए गए कक्षा दसवीं के परिणाम की मेरिट सूची में जिला कांगड़ा के कुल 19 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश भर कुल 107 विद्यार्थियों ने टॉप 10 सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है जिसमें पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही एवीएम सीनियर सेकेंड्री स्कूल, पाहड़ा की अनमोल सहित जिला कांगड़ा के कुल 19 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। प्रथम स्थान पर रही पाहड़ा की अनमोल ने 700 में से 699 अंक प्राप्त कर अपने परिवार व स्कूल सहित पूरे जिला कांगड़ा का नाम रोशन किया है। इनके अलावा भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बैजनाथ के इशिता वालिया व कनिष ने 700 में से 696 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया है। भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बैजनाथ के ही अंशिका राणा व एंजल शर्मा ने 695 अंक प्राप्त कर पांचवे स्थान पर अपनी जगह सुनिश्चित की है। इसी प्रकार छठे स्थान पर 694 अंकों के साथ टैगोर मॉडल सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रेहन की आद्रिति शर्मा व ग्यान ज्योति पब्लिक स्कूल, ठेहड़ की वीरता ठाकुर के साथ भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बैजनाथ की रिधिमा राठौड़ ने जगह बनाई है। सातवें स्थान पर 693 अंकों के साथ भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बैजनाथ के आद्रिक सूद, न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंसेज छतड़ी की यामिनी, आदर्श भारतीय पब्लिक स्कूल, जसूर की हरप्रीत कौर व फ्यूचर फाऊंडेशन स्कूल नूरपुर की तन्वी ने जगह सुनिश्चित की है। नौवें स्थान पर 691 अंकों के साथ धौलाधार कॉन्वेंट स्कूल भवारना की लविश, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अलोह के जतिन धीमान व लोटस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल इंदौरा की यान्वि ठाकुर रहे हैं। इसी प्रकार लेक व्यू मॉडल स्कूल नंगल चौक की वंशिका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कुठेड़ की आरुषि, एवीएम सीनियर सेकेंड्री स्कूल की अपूर्वा डोगरा व शायना ने 690 अंक प्रात्क कर दसवां स्थान हासिल किया है।

### डीसी कांगड़ा ने टॉपर पाहड़ा की अनमोल को दी बधाई



**धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवी कक्षा के परीक्षा परिणाम में 99.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जिला कांगड़ा के एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाहड़ा की छात्रा अनमोल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उपायुक्त ने कहा कि अनमोल ने कठिन परिश्रम और लगन से न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे जिला कांगड़ा को भी गौरवान्वित किया है।

Divya Himachal 11-05-2026

# दसवीं में 83.87 फीसदी छात्र पास ; मैरिट में बेटियां फिर छाईं, कांगड़ा की अनमोल टॉपर

## टॉप-10 में शामिल 107 छात्रों में 83 बेटियां; निजी स्कूलों का दबदबा, पहली बार ड्यूल सिस्टम में जून में कंपार्टमेंट संग अंक सुधार का मौका

स्टाफ रिपोर्टर – धर्मशाला

- पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण को 25 मई तक ऑनलाइन आवेदन
- बोर्ड अध्यक्ष बोले, अब परीक्षा केंद्रों में लगेंगे ऑडियो-वीडियो कैमरे

### जून में दोबारा मिलेगा परीक्षा देने का मौका

इस बार जून में दसवीं में कंपार्टमेंट वाले परीक्षार्थी दोबारा परीक्षा दे पाएंगे। बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में बच्चों को तीन विषयों में अंक सुधार करने का मौका भी मिलेगा। इस बार पांच मुख्य विषयों में से दो में फेल होने पर भी कंपार्टमेंट देकर छात्रों को परीक्षा पास करने का अवसर दिया गया है। हालांकि फेल छात्रों को जून में परीक्षा देने का मौका नहीं मिल पाएगा, उन्हें आगामी सत्र में ही परीक्षा होगी।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से रविवार को पहली बार राज्य में शुरू की गई ड्यूल परीक्षा प्रणाली के तहत दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जोकि पूर्व के वर्ष के 79.8 फीसदी से 4.79 बढ़कर इस बार 83.87 प्रतिशत रहा। जिला कांगड़ा के एवीएम पब्लिक स्कूल पहाड़ा की छात्रा अनमोल ने 700 में से 699 अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया है। दसवीं में टॉप-10 मैरिट लिस्ट में कुल 107 छात्रों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें बेटियों ने एकाधिकार करते हुए 83 पर कब्जा किया, जबकि लड़कों के हिस्से में 24 स्थान ही आए। वहीं, दसवीं के परिणाम में एक बार फिर सरकारी स्कूल पिछड़ गए। मैरिट लिस्ट में 107 में से 24 स्थान पर सरकारी, जबकि 83 पर निजी स्कूलों का दबदबा रहा। छात्रों की मार्कलिस्ट डिजीलॉकर में उपलब्ध करवा दी गई है। स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से कंपार्टमेंट घोषित व अंक में सुधार करने वाले छात्रों के लिए 20 दिनों के बाद जून माह में दूसरी परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर फाइनल रिजल्ट व मैरिट सूची जारी की जाएगी। बता दें कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा

दसवीं में 83.87 : पृष्ठ आठ पर

### शिक्षक बनना चाहती हैं टॉपर अनमोल



पालमपुर। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में 700 में से 699 अंक (99.86 प्रतिशत) लेकर प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल करने वाली एवीएम स्कूल पाहड़ा की छात्रा अनमोल का सपना शिक्षक बनना है। अनमोल के पिता सरकारी स्कूल भट्ठूरा में बतौर शिक्षक कार्यरत हैं, तो माता प्रियंका मदान भी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी रही हैं। एवीएम स्कूल पाहड़ा की छात्रा अनमोल कहती हैं कि आज के दौर में सोशल नेटवर्क एक बड़ा माध्यम है, लेकिन इसका भी उतना ही उपयोग किया जाना चाहिए, जितना आवश्यक है। मनियाड़ा निवासी अनमोल दिन में पांच से छह घंटे पढ़ाई को देती थीं और इसका परिणाम अब सबके सामने है। अनमोल अपने इस बेहतरीन प्रदर्शन का श्रेय अपने परिजनों और स्कूल के शिक्षकों को देती हैं।

### सीएम ने टॉपर बच्ची को कॉल कर दी बधाई



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दसवीं की परीक्षा की टॉपर कुमारी अनमोल से फोन पर बातचीत कर उन्हें शानदार सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनमोल ने 99.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। इस पर अनमोल ने बताया कि वह अध्यापन के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता अध्यापक हैं तथा उनकी माता भी पहले अध्यापिका रह चुकी हैं, इसलिए वह भी शिक्षक बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने मातृ दिवस के अवसर पर अनमोल से पूछा कि क्या उन्होंने अपनी माता को आज शुभकामनाएं दी हैं। इस पर अनमोल ने बताया कि उन्होंने अपनी माता को मातृ दिवस की बधाई दी है। उन्होंने अनमोल से उनकी पढ़ाई और सफलता के मंत्र के बारे में भी चर्चा की।

Punjab Kesari 11-05-2026

# कांगड़ा की अनमोल रही टॉपर, मैरिट में लड़कियों का दबदबा

**हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया 10वीं का रिजल्ट**

## 83.87 फीसदी विद्यार्थी पास, कुल 107 टॉपर्स में 83 बेटियां शामिल

धर्मशाला, 10 मई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शनिवार को 10वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में कुल 83.87 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे हैं। परीक्षा में 93,694 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिनमें से 78,150 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की जबकि 8,433 विद्यार्थियों को कंपार्टमैंट आई है।

टॉप-10 मैरिट सूची में कुल 107 मेधावी छात्र-छात्राओं ने स्थान हासिल किया है जिनमें लड़कियों का दबदबा साफ नजर आया। इस वर्ष मैरिट सूची में शामिल 107 विद्यार्थियों में से 83 बेटियां हैं, जबकि लड़कों की संख्या केवल 24 रही।

इस बार मैरिट सूची में सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बोर्ड की मैरिट लिस्ट में कुल 107 विद्यार्थियों ने स्थान हासिल किया है। ऊना जिले के अभिनव मेहता और रूहानी धीमान के साथ बिलासपुर की पूर्णिमा शर्मा ने 698 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया है। नीलम पब्लिक स्कूल की अश्विका शर्मा और ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली की अलीशा ठाकुर ने 697 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

शिक्षा बोर्ड के (शेष पृष्ठ 2 कालम 1 पर)

### जून में मिलेगी कंपार्टमैंट परीक्षा की सुविधा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि जिन विद्यार्थियो की कंपार्टमैंट आई है, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। बोर्ड जून में दोबारा परीक्षा आयोजित करेगा ताकि विद्यार्थी अपना शैक्षणिक वर्ष खराब होने से बचा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपना रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर रौल नंबर के माध्यम से देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

### मोबाइल से दूरी व रोजाना 5 घंटे से अधिक समय पढ़ाई सफलता का राज : अनमोल



धर्मशाला (प्रियंका): दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पालड़ा स्थित ए वी एन सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा अनमोल ने 700 में से 699 अंक (99.86 प्रतिशत) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है।

अनियाड़ा निवासी अनमोल पुत्री रोहित कुमार ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान मोबाइल से पूरी तरह दूरी बनाए रखी और रोजाना 5 घंटे से अधिक समय पढ़ाई को दिया, जो उनकी सफलता का मुख्य कारण बना। अनमोल ने अन्य विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि जब भी शिक्षक उनकी गलती सुधारें तो उसे गंभीरता से लें और उसे ठीक करने का प्रयास करें। उनके पिता भी अध्यापक हैं और उनकी माता भी पहले अध्यापिका रह चुकी है, जिससे उन्हें शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इसलिए वह भी शिक्षक बनकर समाज की सेवा करना चाहती है।

## बेटियों की उपलब्धियां बढ़ा रही हिमाचल का गौरव, सभी के लिए प्रेरणादायक : सुक्खू

- **मुख्यमंत्री ने फोन पर प्रदेश टॉपर अनमोल को दी बधाई**

शिमला (राक्टा): मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अनमोल से फोन पर बातचीत कर शानदार सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनमोल ने 99.86 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन (शेष पृष्ठ 2 कालम 5 पर)



शिमला : परीक्षा की टॉपर कुमारी अनमोल को फोन पर बधाई देते मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू। (नि. स.)

Amar Ujala 11-05-2026

# उपायुक्त ने टॉपर अनमोल को दी बधाई

धर्मशाला। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली जिला कांगड़ा के एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहाड़ा की छात्रा अनमोल को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि उनकी यह उपलब्धि मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। अनमोल ने कठिन परिश्रम और लगन से न केवल माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे जिले को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने अनमोल सहित सभी मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच से जीवन में हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ब्यूरो

## मुख्यमंत्री-शिक्षा मंत्री को बधाई : राजन

धर्मशाला। प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने कहा कि 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों की अनुकरणीय भूमिका रही है। मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री बधाई के पात्र हैं। अध्यक्ष राजेश शर्मा के उस बयान का भी स्वागत किया है जिसमें उन्होंने बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों की सराहनीय भूमिका के लिए अध्यापकों को श्रेय दिया है। उन्होंने बताया कि यह सरकारी स्कूलों के अध्यापकों की मेहनत का ही परिणाम है। ब्यूरो

Amar Ujala 11-05-2026

# लक्ष्य तय करें विद्यार्थी और मेहनत से बढ़ें आगे : सुक्खू

**बिलासपुर।** दूसरे स्थान पर रही बिलासपुर की पूर्णिमा शर्मा को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं फोन कर पूर्णिमा से उसकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। पूर्णिमा ने बताया कि वह देर रात तक पढ़ाई करती थी और आगे चलकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है।



इस पर मुख्यमंत्री ने उसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि लक्ष्य तय करके मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने पर सफलता जरूर मिलती है। कहा कि वह स्वयं सरकारी स्कूल में पढ़े हैं और अगर वह मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो सरकारी स्कूलों के छात्र भी बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्णिमा से कहा कि जीवन में लक्ष्य तय करना सबसे जरूरी होता है और उसी दिशा में मेहनत करनी चाहिए। संवाद

---

**दसवीं** कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई। इस वर्ष भी बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर यह साबित किया है कि वे हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। यह पूरे समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।



प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता सुधारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय, बेहतर शिक्षण वातावरण, डिजिटल शिक्षा और योग्य शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। **-रोहित ठाकुर, शिक्षा मंत्री।**